# पनवेलकर दर्पण

आओ सब मिल के जीवन शैली संवारे ....

पनवेलकर ग्रुप ऑफ कंपनीज

संपादन : पनवेलकर कर्मचारी वृंद

वर्ष २रा | दिपावली विशेषांक २०१७ | अंबरनाथ | पेज १२





-:सौजन्य :-
वैशाली अहिरराव
अनामिका पेडणेकर
वर्षा मोरेकर





## स्ट्रॉबेरी फार्म प्लॉट प्रकल्प

शहरातील वाढते प्रदुषण ,प्रचंड गर्दी आणि दैनंदिन दगदग या सर्वांमधून दोनचार दिवसांची मोकळीक व मनःशांती मिळण्यासाठी “पनवेलकर स्ट्रॉबेरी फार्म”! महाबळेश्वर येथील भिलार या गावात, २० एकर वर आम्ही साकारत आहोत स्ट्रॉबेरी फार्म.

भारतातील सर्वोत्तम स्ट्रॉबेरी पिकवणारे गाव म्हणून भिलार आपणास परिचित आहेच तसेच हे गाव "पुस्तकाचे गाव" म्हणून सुद्धा प्रसिद्ध आहे. महाबळेश्वरची महती सर्वश्रुत आहेच. तेव्हा भिलार, महाबळेश्वर मधील आपली हि गुंतवणूक आपणासाठी तसेच भावी पिढीसाठीही खूपच फायदेशीर असणार यात वादच नाही.

तुमचं शेतकरी होण्याचं स्वप्न तुम्ही येथे साकार करू शकता.स्वतःच्या फार्म मधील पिकलेली रसाळ स्ट्रॉबेरी खाण्याची मजा काही औरच!

PANVELKAR StrawberryFarm
Bhillar - Mahableshwar

- स्वतंत्र ७/१२ उतारा • प्रदुशण मुक्त वातावरण
- प्रत्येक प्लॉटला स्वतंत्र लाईट आणि पाण्याचे कनेक्शन
- महाबळेश्वर ३५मि. • पांचगणी १५मि.
- सातारा १ तास • कोल्हापुर ३ तास १०मि.

अधिक माहितीसाठी संपर्कः- **82681 57608**

अंबरनाथ ऑफिसः नंदी कमर्शीअल कॉम्पलेक्स, पहिला मजला, स्टेशन रोड, अंबरनाथ (पू)

बदलापूर ऑफिसः झेड. पी. मराठी शाळेसमोर, स्टेशन रोड, गांधी चौक, बदलापूर (पू)

www.panvelkar.in

नियम आणि अटी लागू.



आदरणिय मेरे तमाम ग्राहक समुदाय और पनवेलकर ग्रुप के हितचिंतक, परिवार सदस्य सभी को पनवेलकर दर्पण दिपावली विशेषांक के माध्यम से दिपावली की मै हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ ।

पिछले २९ साल से इस बांधकाम क्षेत्र में सेवा करने का प्रयास कर रहा हूँ । आम आदमी के लिए मकान बनाना ये मेरा पहला उद्देश है । इसलिए मेरे प्रोजेक्ट में छोटे साईज के मकान बनाने की मै हमेशा कोशिश करता हूँ । जिसको खुद का मकान नही है और जिसकी आमदनी भी कम है उसके लिए हमारे ग्रुप ने पंतप्रधान आवास योजना भी उपलब्ध करवाई है । और मुझे खुशी है कि ये साल मे बहुतांशी ग्राहकों ने इसका फायदा भी उठाया है ।

इस साल बांधकाम क्षेत्र में सरकार के बदलते कायदे कानून से बहुत से बदलाव आए । जैसे कि रेरा जिसके कारण ये क्षेत्र बहुत प्रभावित हुआ । हमारे ग्रुप का कार्य शुरुवात से ही पारदर्शी रहा है, लेकिन रेरा (Real Estate Regulatory Act), GST के आजाने से अभी उसमें और पारदर्शिता आ गई है जिसके कारण आपके जैसे ग्राहकों का हमारे उपर का विश्वास और बढ गया है ।

GST आने से फ्लॅट की किमते भी बढ गई है । उसका परिणाम ग्राहको की क्रयशक्ती पर आ गया है, ये बोझ अभी ग्राहकों के उपर आ गया है । हमारी पूरी कोशिश रहेगी की ग्राहकों के उपर का बोझ हम कम कर सके ।

**श्री. विजय रामचंद्र पनवेलकर**
**चेअरमन, पनवेलकर ग्रुप**




PANVELKAR
**Swaraj**
NERAL WEST

1 RK & 1 BHK Budget homes

**1% DOWN PAYMENT**

**1 RK ₹ 12* LACS** | All Inclusive | **1 BHK ₹ 17* LACS**

Contact for more details - **82681 57608**

*Conditions apply

**Sales Office: Opp. Z. P. Marathi School, Station Road, Gandhi Chowk, Badlapur (e).**

**www.panvelkar.in**

Maharera no.: Phase I - P52000001562

## रेरा एक्ट एक बदलाव

१ मई २०१७ से महाराष्ट्र में रेरा मतलब Real Estate Regulation Act लागू हो गया। यह कानून आवासिय और वाणिज्यिक दोनों ही परियोजनाओ के नियंत्रण के लिए बना है । रेरा की वजह से रियल इस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता आ गई है । रेरा कायदा डेव्हलपर्स और खरीददारो दोनो के लिए ही फायदेमंद है । इस कानून के आ जाने से उपभोक्ताओ का बाजार में विश्वास बढ गया है

प्रोजेक्ट रजिस्टर करते समय प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी रेरा प्राधिकरण की वेबसाईट पर लोड करनी पडती है । ग्राहको को बैठे बैठे रेरा के वेबसाईट पर प्रोजेक्ट के बारे में टायटल कंप्लीशन की तारीख, ग्रुप की जानकारी आदि बाते मालूम हो जाती है, और वो सोच समझ के अपना मकान चुनते है । इस कायदे का मुख्य उद्देश ग्राहको को उसकी प्रॉपर्टी तय समयपर और दिये गये निर्देशों के अनुरुप उपलब्ध करवाना है। इस कायदे से एक फायदा और हुआ है की, इसमे रियल इस्टेट एजंट को भी रेग्युलेटरी ॲथोरिटी के साथ रजिस्टर्ड करना पड रहा है जिससे ग्राहको की एजंट से होने वाली धोखाधडी भी कम हो गई है ।

रेरा कायदा आने से बिल्डरो के उपर की जिम्मेदारी और बढ गई है। जैसे रेरा में रजिस्टर की गई तारीख के अंदर प्रोजेक्ट कंप्लिट करके ग्राहको को पझेशन देना, प्रोजेक्ट का पैसा उसी प्रोजेक्ट के लिए खर्चा करना, अगर प्रोजेक्ट में कुछ बदलाव करना है तो ग्राहको से अनुमती लेना । इस तरह रेरा कायदा आने से ग्राहक और डेव्हलपर्स के बीच का नाता विश्वास के साथ दृढ हो गया है ।

**- श्रीम. अपर्णा संतोष बिवलकर (संपादिका)**

## "मिशन होम्स - एक साल"

अंबरनाथ स्थित पनवेलकर होम्स प्रोजेक्ट इस साल विशेष रुप से चर्चा में आया । ४ सितंबर २०१६ को जब हम सभी टिम मेंबर पनवेलकर होम्स साईट पर थे । तभी प्लिन्थ का काम खत्म हो चुका था । वहाँ पे हुई साईट मिटिंग में सभी डिपार्टमेंट मेंबर ने यह तय किया की इस प्रोजेक्ट की सात माले की बिल्डींग का काम (९८ युनिट) हमें एक साल के अवधी में पुरा करना है । और अगले साल साईट पर हम सब मिलकर नवरात्री का जागरण और गरबा उत्सव का आयोजन करेगें ।

इस उद्देश को ध्यान में रखकर हम सबने अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझकर काम शुरु कर दिया । सबसे पहले हमारी इंजिनिअरींग टिम ने एम.एस.पी. (मायक्रोसॉफ्ट प्रोजेक्ट) बनाया । जिसके वजह से हम लोगों को काम का नियोजन करने में आसानी हुई । जिसकी शुरुआत में पर्चेस डिपार्टमेंट ने निधारिंत समय पर मटेरिअल को ऑर्डर करके साईट पर पहुचाया ।

उसी प्रकार फायनान्स और अकाउंटस टिम ने भी अपनी अपनी जिम्मेदारियों को बखुबी निभाते हुए समय - समय पर फंड की व्यवस्था की । तैयार प्रोजेक्ट को बेचने का कामभी बडे जोरो से चला जिसकी वजह से प्रोजेक्ट का काम आगे चलने के लिए मदद हो रही थी ।

सारे कामकाज अपने नियोजित रुप से चल रहे थे । पर उसी दौरान एक घटना घटी की होम्स प्रोजेक्ट परिसर में माता की मूर्ती, इमारत बनने वाली जगह के बिच मे आ रही थी । ऐसी कठिन परिक्षा में पुजारी जी से बात करने के बाद यह निर्णय लिया कि इमारत के बाजुवाली जगह पर माता के मंदिर का निर्माण कर के उसकी मूर्ती की प्राणप्रतिष्ठापणा की जाए । उस निर्णय के बाद पनवेलकर मॅनेजमेंट के सुचनानुसार इंजिनिअरिंग टिम और कॉन्ट्रक्टर टिम ने मिलकर मंदिर बनाने का काम चालु किया। जो काम जनवरी २०१७ में पुरा हुआ और साती आसरा श्री तुळजा भवानी मंदिर की प्राणप्रतिष्ठापणा २९ जनवरी २०१७ को करने का फैसला लिया । कार्यक्रम के लिए आसपास के परिसर में रहनेवाले लोगो को निमंत्रित किया गया । और बडे धुमधाम से प्राणप्रतिष्ठापणा विधी संपन्न हुआ । मंदिर का निर्माण चल रहा था उसी दौरान बिल्डींग का आर.सी.सी. का काम जोर से चल रहा था । बारिश शुरु होने के पहले बाहर का प्लास्टरींग का काम पुरा करना भी आव्हानात्मक था जो हमारी इंजिरिअरींग और कॉन्टॅक्टर टिम ने बडी खुबी से निभाया । प्लंबिंग, टाईलिंग, इलेक्ट्रीकल, पीओपी, स्लायडींग, फॅब्रिकेशन, वॉटरप्रुफिंग, और पेटिंग इन सभी कॉन्ट्रक्टर ने पुरी लगन और मेंहनत से काम को अंजाम दिया।

इसी दौरान सिव्हिल, अकाउंट, पर्चेस आदि डिपार्टमेंट के प्रतिनिधी साईट मिटिंग में राहुल सर के साथ हिस्सा लेके काम को जोर में करने के लिए निर्णय लेते थे । तभी काम एम.एस.पी. के अनुरुप हो रहा था या नही यह ध्यान में आता था । कुछ समस्या आती तो तुरंत साइट पर सभी चर्चा करके समय पर निर्णय लिया जाता था । अग्रेजी में एक कहावत है । "All is well that ends well" इसी कहावत के अनुसार होम्स बिल्डींग न. ए-८ की वास्तु का निर्माण कार्य पुरा हुआ । इस काम में हमारे इंजिनिअर टिम मनेश धारणे, हिमांशु जगे, सदाशिव गुजरे, अशोक वाडेकर, अन्वर अन्सारी, उत्तम बोराडे और कॉन्ट्रक्टर टिम रमेश लिंगप्पा, योगेद्र यादव, सियाराम पाल, सचिन, संजय कदम, गुड्डु, दिलीप मनानी, रशिद खान, चुन्नीलाल जाधव और राजकुमार सिंह आदि सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है । और जो लक्ष्य मॅनेजमेंट ने दिया था कि सात मंजिली इमारत केवल एक साल में पूरी करनी है वह ४ सितंबर २०१७ तक काम पुरा हुआ ।

**- श्री. धीरज शेणवा (सिनीअर इंजिनिअर)**



पनवेलकर होम्स (ए-८) ४ सितंबर २०१६



पनवेलकर होम्स (ए-८) ४ सितंबर २०१७

## संपादकीय

सभी पनवेलकर ग्रुप ग्राहक, कर्मचारी और हितचिंतको को दिपावली और पनवेलकर दर्पण के दो साल पुरे होने के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाए ।

सामान्य ग्राहको को सस्ते और गुणवत्तायुक्त घर देने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी की तस्वीर के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, उपक्रम को आयोजित करने में अलग पहचान देने की ओर पनवेलकर ग्रुप मार्गक्रमण कर रहे है । इस साल मे पनवेलकर ग्रुप ने बहुत से विशेष उपक्रम का आयोजन किया । उदाहरण के तौर पर बालदिन कार्यक्रम, रेरा, जी.एस.टी. सेमिनार, तुळजा भवानी मंदिर निर्माण और प्रतिलालबाग का राजा उत्सव का आयोजन इन सभी कार्यक्रमो से लोगो के साथ कंपनी का अनोखा नाता और भी मजबूत हो रहा है । पनवेलकर फाउंडेशन के जरीए भविष्य में कंपनी और भी उपक्रम करने का मानस कर रही है । पनवेलकर ग्रुप मॅनेजमेंट को अंतर्गत इवेंट मॅनेजमेंट टिम मेंबर भी अपने कार्यालयीन कामकाज के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यवस्था करने के लिए सहयोग कर रहे है। आने वाले साल में भी हम इस पत्रिका के जरिए पनवेलकर ग्रुप की कार्यशैली एवं विचाराधारा को पारदर्शक रुप में प्रस्तुत करने में कृतिदक्ष रहने वाले है । कंपनी में होने वाले भिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो को अपने ग्राहक और हितचिंतक तक पहुचाने के लिए कंपनी ने पनवेलकर दर्पण वृत्तपत्रिका की निर्मिती दो साल पहले दिपावली महोत्सव मे की । पनवेलकर दर्पण एक वृत्तपत्रिका नही बल्कि पनवेलकर ग्रुप की कार्यकर्तृत्व का आईना बन चुका है । इस पेपर के माध्यम से हमने कंपनी मॅनेजमेंट की कार्य निति को ग्राहकाभिमुख करने के साथ साथ कर्मचारियों के व्यक्तिगत विचारों को प्रकट करने का प्रयास किया है । जिस तरह बॅलन्सशिट एक उद्योग की आर्थिक प्रगती को दर्शाती है उसी प्रकार यह वृत्तपत्रिका कंपनी की सामाजिक उन्नती का प्रतिनिधित्व करने की प्रमुख भूमिका निभा रही है । हमारी टिम इस दिपावली विशेषांक को सभी ग्राहक एवं कर्मचारी को समर्पित कर रहे है

**- संजय डी. वाघमारे**

## स्टाफ और कॉन्ट्रक्टर के लिए दिपावली समारोह संपन्न








अक्तुबर २०१६ के दिपावली महोत्सव का आयोजन इस बार अनोखा रहा । चुनिंदा स्टाफ की कमिटी को इस समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई । कार्यक्रम दो दिन मे मनाया गया । पहले दिन कंपनी स्टाफ को मॅनेजमेंट की तरफ से हर साल की तरह विशेष भेटवस्तू प्रदान किये । इस कार्यक्रम में श्री. विजय पनवेलकर और श्री. राहुल पनवेलकर के अलावा ॲड श्री. विश्वास कानिटकर, श्री. अनिल काशिकर, डॉ. गायकवाड और सी.ए. गायकवाड और श्री. मालविया मॅडम इन्होने उपस्थिती दर्शाने के साथ स्टाफ की हौसला अफजाई की । दिपावली महोत्सव के दुसरे दिन हेड ऑफिस में मॅनेजमेंट के हाथो विधिवत लक्ष्मीपुजन संपन्न हुआ । हॉटेल एक्झिक्युटिव्ह इनमें हुए भव्य कार्यक्रम में भारी संख्या में कॉन्ट्रक्टर अपने परिवार के साथ शामिल हुए । वार्षिक स्टाफ पुरस्कार के साथ बिल्डिंग कॉन्ट्रक्टर को भी उनके उल्लेखनिय कामकाज को प्रोत्साहन देने हेतु प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । जिन कॉन्ट्रक्टर ने पनवेलकर ग्रुप प्रॉपर्टी एक्झिबिशन में ग्राहक सेवा प्रति योगदान दिया उनका मॅनेजमेंट ने प्रमाणपत्र और गोल्डकॉईन देकर सम्मान किया । पर्यावरण संवर्धन अभियान अंतर्गत पनवेलकर ग्रुप के इंजिनिअर के साथ मिलकर भिन्न कॉन्ट्रक्टर ने अपने निजी निधी से अंबरनाथ और बदलापुर शहर में वृक्षारोपण किया उन सभी को प्रमाणपत्र, आम के पौधे देकर स्वागत किया गया । इस समारोह में विशेष अतिथी श्री. सकट साहब (माजी व्यवस्थापक, एस.बी.आय.बँक) ने पुरस्कार प्राप्त स्टाफ और कॉन्ट्रक्टर की तारीफ की और पनवेलकर ग्रुप के इस उपक्रम की सराहना की । पनवेलकर ग्रुप की तरफ से श्री. अशोक जगे और श्री. रघुवीर पोतदार जी ने अपने विचार प्रकट किए । कंपनी चेअरमन श्री. विजय पनवेलकर जी ने कंपनी से जुडे हुए स्टाफ और कॉन्ट्रक्टर को बधाई दी । एम.डी.श्री. राहुल पनवेलकर जी ने इस साल से दिपावली महोत्सव में फटाके न जलाकर सामाजिक प्रदुषण को रोकने का निश्चय अमंल में लाने के साथ पनवेलकर ग्रुप के नए संकल्प की घोषणा भी की । यह समारोह सभी के लिए यादगार रहा।

## बाल दिन के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम





पनवेलकर ग्रुप अब उद्योग कार्यक्षेत्र के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी अलग जिम्मेदारी निभा रहा है । नवंबर २०१६ मे अंबरनाथ – बदलापुर स्थित पनवेलकर ग्रुप के भिन्न रेसिडेनशियल प्रोजेक्ट के ग्राहको के बच्चो के लिए दिवाली छुट्‌टी को बेहतर अंजाम देने हेतू सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पनवेलकर ग्रुप कंपनी स्टाफ कमिटी के नेतृत्व में पनवेलकर ग्रीनसीटी कॉम्प्लेक्स में ३–४ नवंबर २०१६ और पनवेलकर संकुल कॉम्प्लेक्स में ६–७ नवंबर २०१६ को बच्चो के लिए भिन्न प्रतियोगिता का आयोजन सफलपूर्वक किया गया । रंगोली, ड्रॉईंग, रनिंग रेस, डान्स, स्पर्धा के साथ योगा, कराटे जैसे सामुहिक उपक्रम का भी सभी के लिए प्रशिक्षण उपक्रम किया गया । जिसमे बच्चो के मातापिताओं ने भी हिस्सा लिया । बच्चो में छिपी प्रतिभा को उभारने के लिए ऐसे कार्यक्रम की कितनी आवश्यकता है, यह बात बच्चों की भारी संख्या की उपस्थिती से नजर आयी । अलग अलग प्रतियोगिता से चुने प्रतिभावंत अव्वल बच्चो को दिनांक १४ नवंबर २०१६ को पनवेलकर भूमि बदलापूर कॉम्प्लेक्स में हुए भव्य कार्यक्रम में प्रमाणपत्र और उपहार दिए गए । इस कार्यक्रम में पनवेलकर परिवार से श्रीम. सीमा विजय पनवेलकर एवं श्रीम. सानिका राहुल पनवेलकर के साथ प्रमुख अतिथी श्री. नंदिता कुलकर्णी (वाईस चेअरमन, डि. एन.एस.बँक) और उनके पति श्री कुलकर्णी साहब भी उपस्थित थे । अगले साल भी बाल दिन कार्यक्रम का आयोजन करने का संकल्प मॅनेजमेंट ने किया है ।

## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण से कंपनी कर्मचारी शिक्षित




पनवेलकर ग्रुप कंपनी अब आय.एस.ओ. मानांकन प्राप्त करके काम कर रही है । बांधकाम क्षेत्र से जुडी हुई कंपनी के कर्मचारिओ को व्यक्तिगत सुरक्षा के अलावा अपने साथी कर्मचारी की सुरक्षा का ध्यान रखना पडता है । निजी जीवित सुरक्षा करने के लिए हर एक कर्मचारी को सुरक्षा एहतियात की पर्याप्त जानकारी होने के हेतु मानिक इंटरप्रायझेस के प्रमुख श्री. योगेश नामदे के नेतृत्व में सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन हेड ऑफिस में १० डिसेंबर २०१६ को किया गया । जिस ट्रेनिंग में आग प्रतिबंधक उपाय और आग लगने के पश्चात कौन सी सावधानी बरतनी चाहिए इस विषय की संपूर्ण जानकारी विविध विभाग के भिन्न कर्मचारी को प्रात्यक्षिक रुप में दी गई । ज्यादातर हादसे इंसानी गलती के कारण होते है । इसी कारणवश सभी कर्मचारी को सुरक्षा के उपाय अवगत होने के लिए मॅनेजमेंट ने इस प्रशिक्षण को अंजाम दिया । इस तरह के सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम साईट पर लेने के लिए कंपनी ने अब फैसला किया है । कंपनी हर एक कर्मचारी के सुरक्षा के लिए सक्षमतापूर्वक एहतियात उठा रही है ।

## ख्रिसमस त्योहार पर सांताक्लॉज के जरीए बच्चों को उपहार प्रदान




बच्चे कंपनी के दिल में बसी हुई सांताक्लॉज की अनोखी तस्वीर को नया रुप देते हुए पनवेलकर ग्रुप मॅनेजमेंट ने अपने भिन्न हौसिंग प्रोजेक्ट के बच्चो के लिए २५ दिसंबर २०१६ त्योहार के दिन इंवेट मॅनेजमेंट टिम के जरिए अलग–अलग कॉम्प्लेक्स मे सांताक्लॉज भेझकर बच्चों को उपयोगी उपहार भेट दिए । सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करके सभी का मनोरंजन करते हुए छोटे बडो के चेहरे पर खुशी लाई । अक्सर देखा जाता है कि बिल्डर बिल्डींग के फ्लॅट का पझेशन देने के बाद लोगो के संपर्क से बाहर हो जाते है । कार्यक्रम करना तो दूर की बात कंप्लेट भी सुनते नही । मगर छोटे बडे त्योहार और कार्यक्रम के माध्यम से पनवेलकर ग्रुप ग्राहक एवं उनके

## पनवेलकर वृंदावन हौसिंग सोसायटी हॅण्डओवर

इस प्रजासत्ताक दिन के अवसर पर जुवेली गाव बदलापुर पूर्व में बनाये गये हौसिंग प्रोजेक्ट पनवेलकर वृंदावन का सोसायटी हस्तांतरण कार्यक्रम पनवेलकर ग्रुप के कर्मचारी प्रतिनिधी टिम ने संपन्न किया । पनवेलकर वृंदावन इमारत के सभी सदस्यो की उपस्थिती में किए गए इस कार्यक्रम में सोसायटी कमिटी मेंबर को संस्था नोंदणी प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक फाईल्स एवं पेपर सौप दिये । बदलापुर के अॅड. प्रदिप पाटील इन्होने सोसायटी कन्वेयन्स डिड विषय पर सदस्यो के साथ चर्चा की, सोसायटी की उपयोगी महत्वपूर्ण जानकारी को सभी को बतायी, साथ में श्री. अभय देशपांडे जी ने भी सोसायटी कामकाज संबंधी गतिविधियो को सभी सदस्यो को बताकर उनके सवालो के जवाब दिए । इसी कार्यक्रम में पनवेलकर ग्रुप की तरफ से प्रजासत्ताक दिन पर हुए भिन्न प्रतियोगिता में चुने हुए विद्यर्थियों को उपहारो की भेट दी गई । पनवेलकर वृंदावन हौसिंग सोसायटी के सभी सदस्यो ने पनवेलकर ग्रुप मॅनेजमेंट एवं स्टाफ की इस कृती पर आभार व्यक्त किये ।








## पनवेलकर होम्स प्रोजेक्ट में श्री तुळजा भवानी मंदिर की प्राणप्रतिष्ठापणा

ग्राहकों की माँग और जरुरत के अनुसार कामकाज निती का पालन करने वाले पनवेलकर ग्रुप ने सदा ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता दी है । कम्युनिटी हॉल, क्लब हाऊस, गार्डन, स्वीमींग पुल, जॉगिंग ट्रॅक, इनडोअर एवं ओपनजीम सुविधा निर्माण की श्रृंखला को आगे बढाते हुए प्रोजेक्ट में रहनेवाले लोगो की सामाजिक एवं धार्मिक भावनाओ का आदर करते हुए अंबरनाथ पश्चिम खुंटवली गांव परिसर में स्थित पनवेलकर होम्स इस १० इमारतो वाले कॉम्प्लेक्स में श्री. तुळजा भवानी देवी के मंदिर का निर्माण जनवरी २०१७ मे किया गया । विजय सर के मार्गदर्शन और राहुल सर के नेतृत्व में इंजिनिअर टिम एवं कॉन्ट्रक्टर ने मंदिर का काम कम से कम समय में पुरा किया । इस मंदिर का कार्य कॉन्ट्रक्टर ने निशुल्क किया है । सुंदर वास्तुशिल्प की मिसाल देनेवाले इस मंदिर में साती आसरा तुळजा भवानी देवी की प्राणप्रतिष्ठापणा उत्सव २९ जनवरी २०१७ को बडे हर्षोल्लास के साथ पनवेलकर होम्स के चुनिंदा परिवार दांम्पत्य को पुजा विधी मे शामिल करते हुए स्थानिक लोगो के लिए बडे स्तर पर भंडारा आयोजित करते हुए संपन्न किया ।







## प्रापर्टी एक्झिबिशन में पनवेलकर ग्रुप शामिल




अंबरनाथ, बदलापुर के रेसिडेनशिल प्रोजेक्ट का प्रॉपर्टी एक्झिबिशन ३ फरवरी २०१७ को पॅनमार्क संस्था ने आयोजित किया था । बजट होम की माँग में भटकने वाले ग्राहक को सस्ते और गुणवत्तायुक्त घरो के असंख्य विकल्प इस प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले बिल्डर के स्टॉल्स पर सुनहरे मौके के रुप में मिले । करन्सी डिमॉनिटायझेशन और भिन्न बँक ने घटाए हुए कर्ज ब्याजदार के परिस्थिती के बाद आये इस गृह प्रदर्शन में पनवेलकर ग्रुप ने अपने अंबरनाथ बदलापूर स्थित इकॉनोमी हौसिंग प्रोजेक्ट के विकल्प ग्राहकों के लिए रखे थे । ग्राहको ने भी इस मौके का लाभ उठाते हुए स्पॉट बुकींग किये । इस प्रकार के गृह प्रदर्शन से लोगो की घर की जरुरत के लिए एक नया प्लॅटफॉर्म मिला है । इस एक्झिबिशन को सफल बनाने के लिए सेल्स टिम के साथ कॉल सेंटर टिम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया ।

## इंजिनिअरिंग छात्रों का पनवेलकर ग्रुप में अभ्यास दौरा

बेहतर गुणवत्ता एवं तंत्रज्ञान के मेल से बनाये भिन्न रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट पनवेलकर ग्रुप की अभियांत्रिकी कौशल्यतापूर्ण सोच और सिव्हिल टिम की रचनात्मक शैली की मिसाल देते है । उस शैली का अनुकरण अब अन्य विकासक भी करने लगे है । इसी तंत्रज्ञानपूर्ण खासियत को समझने और सिखने के लिए १३ फरवरी २०१७ को शेलू कर्जत स्थित जी.व्ही. आचार्य पॉलिटेकनिक कॉलेज के प्राध्यापक सदस्यो ने उनके ५६ छात्रो के साथ पनवेलकर ग्रुप साईट का दौरा किया पनवेलकर ग्रुप की तरफ से इंजिनिअर श्री मनेश धारणे, श्री. सोनेश दलाल, श्री. हिमांशु जगे और सुपरवायझर अन्वर अन्सारी जी इन्होने सिव्हील गतिविधी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सभी छात्रो को दी । विशेष तौर पर कॉंक्रीट स्ट्रक्चर, स्टील डिझाईन कॉंक्रीट टेक्नोलॉजी को विस्तारपूर्वक छात्रो को समझाया । प्राची क्षिरसागर जी ने इस अभ्यास दौर में विशेष योगदान दिया ।







## महिला दिन के अवसर पर महिलाओं का निर्धार



हर एक क्षेत्र में महिलाओं ने अपना कदम रखा है । वे पुरुषो की तुलना में तिलमात्र भी पिछे नही है । मगर अभी भी उनका पुरी तरह से सशक्तीकरण हुआ नही है । इस विषय पर अलग अलग सामाजिक घटक काम कर रहे है । पनवेलकर ग्रुप ने भी अपनी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारी को सशक्त और सक्षम करने लिए प्रोत्साहन दिया है । उन्हे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। कंपनी के महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट जैसे लिगल, फायनान्स एवं अकाउंटस की बागडोर महिला स्टाफ संभाल रही है । उन पर कंपनी मॅनेजमंट ने विश्वासार्हता जताई है । इस अवसर पर सक्षमपूर्वक खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रीम. सानिका राहुल पनवेलकर और बाकी महिला कर्मचारिओ ने मिलजुलकर महिला दिन की खुशी मनाई ।

## रेरा ॲक्ट पर कॉर्पोरेट ट्रेनिंग

भारत सरकार ने पारित किये हुए रिअल इस्टेट रेग्युलेशन ॲक्ट २०१६ के संबंधी कॉपोरेट ट्रेनिंग का आयोजन पनवेलकर ग्रुप ने ७ एप्रिल २०१७ को हॉटेल एक्झिक्युटिव्ह इन अंबरनाथ मे किया था । प्रसिध्द ॲड. श्रीम. मेघना धैर्यवान और उनके पति श्री. सुमेश धैर्यवान इन प्रमुख वक्तो ने रेरा ॲक्ट की आवश्यकता पध्दती, पंजीकरण, अनुशासन, प्रभावित विभाग, प्रक्रिया इन सभी मुद्दो पर सभी को रुबरु करवाया । एक बिल्डर कंपनी को रेरा ॲक्ट नियमावलीनुसार कैसे कामकाज करना है इस बारे में विस्तृत जानकारी इस ट्रेनिंग में मिली । ॲड. मेघना जी अनुभवी लॉयर होने की वजह से उन्होने इस कायदे की सभी बारिकीया उपस्थित, बिल्डर, कन्सलटंट, आर्किटेक्ट, प्लॉटओनर इनवेस्टर को समझायी । इस ट्रेनिंग सेमिनार में कंपनी सी.ए. श्री. मंगेश घानेकर जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये । श्री. रघुवीर पोतदार जी ने कार्यक्रम का सूत्र संचालन किया । कंपनी की तरफ से श्री. विजय पनवेलकर और श्रीमती. सीमा विजय पनवेलकर उपस्थित थे । यह ट्रेनिंग कंपनी के लिए तथा अन्य उद्योजक के लिए अभ्यासपूर्ण रहा ।








## पनवेलकर ग्रुप टिम की इंडस्ट्रीयल विझिट






एक क्वालिटी एंटरप्रिनियुर बनने के लिए हरदम नये-नये प्रयोग करने पड़ते है। नये मटेरियल की तलाश और उनके फायदे समझने के लिए ईंडस्ट्रीयल विझिट भी करनी पड़ती है। राहुल सर इन विषय में बहुत आशावादी है। इस साल भी १२ और १३ एप्रिल २०१७ को श्रीजी वुड क्राफ्ट कंपनी सिल्वासा (डोअर), वॉलप्लास्ट प्रोडक्ट दमण (सिमेंट प्रोडक्टस) और श्री प्रिमिक्स इंडस्ट्रीझ वसई (सिमेंट प्रोडक्टस) में पनवेलकर टिम ने श्री. राहुल पनवेलकर के नेतृत्व में दौरा किया। इस टिम में श्री. मनेश धारणे, मंगेश सोनटक्के, धीरज शेणवा, सोनश दलाल, संजय वाघमारे और अन्वर अंसारी शामिल थे। श्रीजी वुड क्राफ्ट कंपनी में डायरेक्टर श्री. मेहुल मेर इन्होने वुडन डोअर बनाने की सब प्रक्रिया को फॅक्टरी में दौरा करवाकर समझाया। उसके बाद वॉलप्लास्ट प्रोडक्टस कं. वलसाड में सभी ने दौरा किया। रेडीमिक्स प्लास्टर, ब्लॉक जॉइंटिंग मॉर्टर बनाने की संपूर्ण तांत्रिक प्रक्रिया को प्लांट के विविध विभाग में दौरा करवाके श्री. रोहित चक्रवर्ती, मंगेश घरत और श्री. योगेश मिस्त्री, ने राहुल सर के साथ टिम को समझाके उपयुक्त जानकारी दी। उन्होने प्लांट की हर एक प्रक्रिया को तकनीकी रुप से क्रमश: विस्तारपूर्वक बताया। रॉमटेरिअल स्टेज से लेके पॅकींग स्टेज तक की बारीकियाँ प्रत्यक्ष युनिट में दिखाई। वहाँ कॉन्फरन्स में उनकी तकनीकी डिपार्टमेंट के साथ चर्चा भी हुई। इस विझिट के बाद वसई में स्थित श्रीप्रीमिक्स कंपनी में भेट दी गई। उन्होने पनवेलकर टिम को बॅचिंग प्लाँट से प्रत्यक्ष उत्पादन करके दिखाया। भिन्न प्रकार के प्रोडक्ट के फायदे और परिणाम पर चर्चा हुई। प्रोडक्ट क्वालिटी, कॉस्टींग पर विस्तार से बातचीत हुई। यह इंडस्ट्रीयल विझिट कंपनी सिव्हिल स्टाफ के लिए बेहद उपयोगी रही। भविष्य में आने वाले प्रोजेक्ट में यह सभी तंत्रज्ञान काम मे लाने का संकल्प मॅनेजमेंट ने किया है।

## इंकम टॅक्स ॲक्ट - 80(I) B सेक्शन सेमिनार

भारतीय इंकम टॅक्स ॲक्ट १९६१ के तहत सेक्शन ८०(आय) बी का कंन्स्ट्रक्शन ग्रुप के लिए होने वाले फायदे कंपनी डायरेक्टर, पार्टनर, एवं स्टाफ से रुबरु करने हेतू २७ एप्रिल २०१७ को पनवेलकर हेड ऑफिस में सी.ए.श्री. मंगेश घानेकर जी को वक्ता स्वरुप में आंमत्रित करके आयोजन किया गया । सेक्शन ८० (आय) बी अनुसार कार्य पध्दती अंमल में लाने पर प्रोजेक्ट को इंकम टॅक्स में मिलने वाली छुट के फायदे पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई । सभी ने इस खुली चर्चा में हिस्सा लिया । यह सेमिनार कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हुआ ।


## "सेव कॉस्ट ॲण्ड स्पीड अप युवर वर्क" सेमिनार

ग्राहको की पसंद में अव्वल मानांकन प्राप्त करने वाले पनवेलकर ग्रुप ने हर दम गुणवत्ता को प्राथमिकता दी है । ग्राहको को बेहतर प्रोडक्ट एवं सर्व्हिस देने के लिए कंपनी को नविनतम तंत्रज्ञान अपनाना अनिवार्य हो गया है । कंपनी मॅनेजमेंट ने हमेशा से ही सिव्हील टिम को कामकाज कार्य पध्दती में निर्णायक बदलाव लाने और नये तंत्र सिखने के लिए प्रोत्साहन दिया है । इसी उद्देश से सिव्हिल टिम के इमारत बांधकाम कार्य पध्दती को नये विज्ञान से जोडने के लिए सेव कॉस्ट ॲण्ड स्पीड अप युवर वर्क सेमिनार का आयोजन पनवेलकर इस्टेट सेल्स ऑफीस मे दि. २ मे २०१७ को किया गया।

वसई में स्थित श्री प्रिमिक्स इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर श्री. युवराज पाटील (B.E.) इन्होने सफल संशोधन से बनाये हुए बिल्डींग प्रोडक्ट उच्चतम क्वालिटी की मिसाल देने में बेहतर साबित हुए है। रेडीमिक्स प्लास्टर, ब्लॉक जॉइंटिंग मॉर्टर, टाईल एढेसिव्ह, क्रॉंकीट मॉर्टर, जैसे महत्वपूर्ण मटेरियल को सही मायने में उपयोग में लाने की कार्यशैली को सभी सिव्हिल टिम, पार्टनर, कॉन्ट्रॅक्टर, आर्किटेक्ट को अवगत कराने के लिए श्री. युवराज पाटिल और उनकी टिम के नेतृत्व में हुए इस सेमिनार का आयोजन श्री. राहुल पनवेलकर जी ने किया।

श्री प्रिमिक्स कंपनी ने बिल्डींग प्रोडक्ट के अलग-अलग मॉडेल वहाँ पर बनाके रखे थे। जिससे उस मटेरियल की क्वालिटी और डयुऱ्याबिलिटी का पता चल रहा था। उन सभी मटेरिअल का उचित वापर करने से मेंटंनस की समस्या को कम करने के बेहतर उपाय मिलने वाले है। श्री. युवराज पाटील इन्होने बांधकाम, प्लास्टर, टाईल वर्क, ग्राउंट वर्क, वॉटरप्रुफींग के विषय पर अभ्यासपूर्ण विवेचन किया। सभी उपस्थितों ने उनसे अपने-अपने सवाल पूछे जिसे प्रात्यक्षिक के साथ श्री. पाटील ने जबाब दिये इसी कार्यक्रम में श्री. राहूल सर ने कंपनी को बांधकाम शैली में बदलाव लाने की क्यो जरुरत है और उसे कैसे हासिल करे इस पर डिजिटलायझेशन के माध्यम से सभी के सामने विचार प्रदर्शित किये। राहुल सर का प्रेझेंटेशन उपस्थित पार्टनर, सिव्हिल टिम कॉन्ट्रक्टर को समझने में बहुत प्रभावी रहा।








## ग्रामीण इलाके में स्कुलो का डिजिटलायझेशन

शहापूर दहिवली स्थित जिल्हा परिषद स्कुल में बच्चो के लिए पनवेलकर ग्रुप ने कम्प्युटर और प्रोजेक्टर मशिन की भेट दी । स्कुल के साथ बच्चो को भी डिजिटलाइझ करने का बहुत फायदा हुआ । ग्रामीण इलाके में अक्सर सुविधा साधन सामग्री न होने के वजह से बच्चे शहरी बच्चो की तुलना में पिछडे जाते है । मगर पनवेलकर ग्रुप की अनोखी भेट से दहिवली जिल्हा परिषद स्कुल को एक नई दिशा मिल गई है ।

## वाशिंद प्रोजेक्ट भुमिपूजन



पनवेलकर ग्रुप ने अब अंबरनाथ बदलापूर के अलावा बाहर भी काम करना शुरु किया है । वाशिंद में सृष्टी फार्म हाऊस के नजदिक प्लॉट का भूमिपूजन दि. ३ मे २०१७ को कंपनी के पार्टनर श्री. विजय पनवेलकर, श्री. पोतदार, श्री. काशिकर, श्री. घानेकर, इनके हाथों विधीवत पूजा करके किया गया । ग्राहको के लिए बजट होम देने की संकल्पना को मुर्त स्वरुप देने की शुरुआत इस भुमिपूजन से हुई ।



## जीएसटी पर सेमिनार का आयोजन

हाली में बदले हुए टॅक्स स्ट्रक्चर में जीएसटी संपूर्ण भारत में लागू हो गया । एक देश एक टॅक्स संज्ञा के तहत भारत देश के सभी राज्यों में यह टॅक्स अंमल में आया इस टॅक्स के लागू होने से कंस्ट्रक्शन प्रणाली में बहुत से बदल हो रहे है। नये टॅक्स स्ट्रक्चर से अकाउंटस सेक्शन, कॉन्ट्रक्टर के साथ फ्लॅट अग्रिमेंट जैसे विषय प्रभावित हो रहे है। इन सभी विभाग से जुडे हुए लोगो को जीएसटी विषय की पर्याप्त जानकारी देना जरुरी समझते हुए पनवेलकर मॅनेजमेंट ने सी.ए श्री.अनुप बागाईतकर को ५ जून २०१७ को हॉटेल एक्झिक्युटिव्ह इनमे जीएसटी के बारे में विश्लेषण करने आंमत्रित किया । उस कार्यक्रम में पार्टनर, कॉन्ट्रक्टर, सी.ए.टिम और पनवेलकर ग्रुप स्टाफ भी उपस्थित थे । श्री. बागाईतकरजी ने पीपीटी द्वारा उपस्थितो को जीएसटी टॅक्स स्ट्रक्चर को अंमल मे लाने के लिए कौन कौन से कामकाज में क्या बदलाव करने है, टॅक्स रिर्टन भरने की सिस्टम कैसे सरल करनी है इस विषय को भलीभाँती सभी को उदाहरण सहित समझाया । जीएसटी सिस्टम पर स्टाफ, कॉन्ट्रक्टर ने पुछे गये सवालो के अनुपसर ने उचित जवाब दिये । इस सेमिनार से जीएसटी के बारे में सभी को पर्याप्त जानकारी मिली । जीएसटी कर प्रणाली का फ्लॅट रजिस्ट्रेशन पर पडने वाला प्रभाव देख के सेल्स टिम के लिए भी श्री. बागाईतकर जी का चर्चासत्र पनवेलकर इस्टेट सेल्स ऑफिस में आयोजित किया गया ।

## एस.एस.सी.बोर्ड परीक्षा में पनवेलकर ग्रुप स्टाफ के बच्चो की अदभूत सफलता

पनवेलकर ग्रुप कंपनी में दस साल से काम करने वाले कुछ स्टाफ के बच्चे इस साल मार्च २०१७ की एस.एस.सी बोर्ड परिक्षा में बैठे थे । ऑफिस का कामकाज संभालते हुए इन स्टाफ ने अपने बच्चो की पढाई की तरफ भी ध्यान दिया । घर और ऑफिस के मशकत में बच्चों पर जो उन्होन मेहनत ली उसका फल उन्हे उनके बच्चो की लगन और परिश्रम ने अदभुत नतीजे द्वारा देके सभी को चौका दिया । पनवेलकर ग्रुप उन सभी बच्चे और उनके माता-पिताओ का इस सफलता पर हार्दिक अभिनंदन करता है ।

पनवेलकर ग्रुप के स्टाफ श्री. संदिप महाजन (सुपर वायझर) इनके चचेरे भाई कु. वैभव महाजन आयआयटी जेईई ॲडवान्स परिक्षा २०१७ में उत्तीर्ण (१६८/३६६ मार्क) होकर झारखंड राज्य के इंडीयन स्कुल ऑफ माईन्स धनबाद में केमिकल इंजिनिअरींग के लिए दाखिल हो चुके है । उनकी सफलता पर पनवेलकर ग्रुप हार्दिक बधाई दे रहे है ।



**कुमारी सृष्टी - ९७.००%**
अपर्णा संतोष बिवलकर (लिगल)
विद्या विकास मंदिर, नेरळ



**कुमारी अक्षता - ८८.४०%**
विशाखा आनंद उदास (फायनान्स)
विद्या विकास मंदिर, नेरळ



**कुमार तनय - ९०.४०%**
संगिता श्रीपाद भराडकर (बॅक ऑफिस)
आय.ई.एस.कात्रप विद्यालय, बदलापुर



**कुमार वैभव - १६८/३६६**

## पनवेलकर इस्टेट में "प्रतिलालबाग का राजा" उत्सव संपन्न





श्री गणेश याने की हमारा सबका सबसे बडा श्रध्दास्थान । पनवेलकर ग्रुप में हर साल गणेशोत्सव बडे धुमधाम से मनाया जाता है । इस साल अपने माणकिवली स्थित पनवेलकर स्टॅनफोर्ड प्रोजेक्ट में प्रतिलालबाग गणेशमुर्ती की बडे भक्तिमय और मंगलमय वातावरण में प्रतिष्ठापना की थी । पुरे दस दिनों में अलग अलग मान्यवरों के हाथो से गणेशजी की पूजा और आरती कराई गई । १ सितंबर को श्री सत्यनारायण महापूजा का आयोजन किया था। उसके बाद दो दिन अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया था । जिसमें मंगलागौर, भजन, कथ्थक, भरतनाटयम, वेस्टर्न आदि कार्यक्रमो की रेलचेल थी । अपने पनवेलकर घरकुल – किंगस्टन सोसायटी के कुछ बच्चों ने एवं अपने कुछ सेल्स स्टाफ ने भी उसमे हिस्सा लेके अच्छी अदाकारी पेश की । गणपती के नववे दिन माणकिवली साईट सिव्हिल टिम और सभी कॉन्ट्रक्टरो ने मिलके भंडारा का आयोजन किया था। जिसमें १२०० से १५०० लोगो ने प्रसाद का लाभ लिया । दसवे दिन मतलब अनंत चतुदर्शी के दिन बडे धुमधामसे, ढोल ताशा के गजर के साथ मंगलमुर्ती की मिरवणूक निकालकर बडे श्रध्दामय वातावरण में गणेशजी का विसर्जन हुआ । गणेशोत्सव के दस दिन के समारोह में आमदार श्री. किसनजी कथोरे, माजी नगराध्यक्ष श्री. रामभाऊ पातकर, उद्योजक श्री. गुलाबराव करंजुळे आदि जैसे नामचिन मान्यवरो ने भेट देके गणेशजी के दर्शन लिए । इस पूरे दस दिन के कार्यक्रम का आयोजन और नियोजन पनवेलकर ग्रुप के श्रीम. संगिता भराडकर, प्राची क्षिरसागर, सुमित मंचेकर, मंगेश सोनटक्के, संदिप महाजन, दिपक शिसवे, गणेश खाकरे आदि स्टाफ और उनके सहकारीयोने मिलके अच्छी तरह से कामयाब किया ।

## डॉ. विश्वेश्वरय्या के जयंती पर इंजिनिअर डे आयोजन



भारतरत्न डॉ. मोक्षगुंदम विश्वेश्वरय्या एक महान इंजिनिअर जिन्होने इरिगेशन सिस्टम और ड्रिंकिंग वॉटर सिस्टम में सफल तंत्रज्ञान के लिए जो योगदान दिया है उस बेमिसाल कार्य को सलाम करने की याद में भारत भर में १७ सितंबर को इंजिनिअर डे मनाया जाता है। पनवेलकर ग्रुप की इंजिनिअरींग टिम कि प्रोजेक्ट काम की लगन, मेहनत, अभ्यासूवृत्ती की सराहना करने हेतू १७ सितंबर २०१७ को एक्झिक्युटिव्ह इन हॉटेल हॉल मे सभी स्टाफ के साथ मिलकर इंजिनिअर डे का आयोजन किया गया। भिन्न डिपार्टमेंट के कर्मचारिओ ने पनवेलकर सिव्हिल टिम के सदस्य के कामकाज के बारे में अपने विचार इंजिनिअर का अभिनंदन करते हुए व्यक्त किये । एम.डी.श्री. राहुल विजय पनवेलकर जी ने भी इंजिनिअरिंग टिम के काम की सराहना करते हुए उन्हे बेहतर कामकाज निती को अमल कैसे लाया जाए इसको एक पीपीटी द्वारा समझाया । राहुलसर ने इंजिनिअरींग टिम को एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट टारगेट भी दिया। इस कार्यक्रम दौरान केक कटींग समारंभ के साथ इंजिनिअर को उपहार भी भेटे दिये गये । इंजिनिअर के लिए यह दिन यादगार रहा ।

## कर्मचारियो के लिए आय.एस.ओ जागरुकता प्रशिक्षण



पनवेलकर ग्रुप कंपनी ने आय.एस.ओ ९००१-२००८ मानांकन प्राप्त किया है। आय.एस.ओ. प्रमाण अनुसार कामकाज करने के लिए अपने कर्मचारी वर्ग भी जागरुक एवं सक्षम होने की जरुरत को समझते हुए कर्मचारिओ के लिए आय.एस.ओ ट्रेनिंग का आयोजन हेड ऑफिस और सेल्स ऑफिस में किया गया । कंपनी की आय.एस.ओ. कन्सलटंट श्रीम. तृप्ती देवकुळे (ओमकार कन्सलटंट) इनके नेतृत्व में यह जागरुकता प्रशिक्षण लिया गया । तृप्ती मॅडम ने सभी स्टाफ को आय.एस.ओ. पॉलिसी, ऑबजेक्टीव्ह समझाये । दैनंदिन कामकाज में आय.एस.ओ. स्टॅण्डर्ड के अनुसार कैसे काम करना है इस प्रक्रिया को तृप्ती मॅडम ने कर्मचारिओ को उदाहरण सहित समझाया । स्टाफ ने भी अपने तरफ से इस प्रशिक्षण में रुची दिखाई । ग्राहक को तत्पर सेवा देने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण की कितनी आवश्यकता है यह बात इस ट्रेनिंग में दिखाई दी ।

## "रुवा" संस्था की पनवेलकर ग्रुप हेड ऑफिस में सदीच्छा भेट

ठाणे स्थित रुस्तमजी अर्बेनिया वुमन्स असोसिएशन की महिला सदस्यों ने ७ अक्तुबर २०१७ को पनवेलकर हेड ऑफिस में सदिच्छा भेट दी । उनका स्वागत कंपनी की ओर से श्रीम. सीमा विजय पनवेलकर और श्रीम. सानिका राहुल पनवेलकर इन्होने किया । रुवा टिम की सदस्या सभी स्टाफ से मिली । सीमा मॅडम ने खुद सभी स्टाफ की उनसे पहचान करवाके डिपार्टमेंटनुसार कामकाज प्रक्रिया को उन्हे समझाया । कंपनी प्रोजेक्ट की उन्हे जानकारी दी ।

## झी अन्यन्य सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम



भारत का सबसे बडा मराठी न्युज चैनल झी २४ तास के वार्षिक झी अन्यन्य सम्मान पुरस्कार में भिन्न क्षेत्र के असामान्य व्यक्ति को विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहन दिया जाता है । इस साल २०१७ के कार्यक्रम मे पनवेलकर ग्रुप के चेअरमन श्री. विजय पनवेलकर जी को विशेष अतिथी के रुप में आमंत्रित किया था । उनके हाथो पुरस्कार प्रदान किया गया । श्री. विजय पनवेलकर जी ने झी २४ तास टिम और न्युज एडिटर डॉ. उदय निरगुडकर जी को उनके इस अद्वितीय सामाजिक उपक्रम पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी और पुरस्कार प्राप्त महनिय व्यक्तियो का हार्दिक अभिनंदन किया ।

## कर्मचारी जन्मदिन समारोह



पनवेलकर ग्रुप ने इस साल से कंपनी के भिन्न डिपार्टमेंट में कार्यरत कर्मचारिओं के जन्म दिन पर उन्हे मॅनेजमेंट एवं एच.आर.डिपार्टमेंट द्वारा शुभकामनाएँ देने का सिलसिला शुरु किया है । हर महिने की आखिर में हेड आफिस और सेल्स ऑफिस में कर्मचारियों को आमंत्रित करके कंपनी की तरफ से केक कटिंग समारोह आयोजित करके सबके साथ मिलजुलकर जन्मदिन मनाया जाता है ।




Only 1% Down Payment

PANVELKAR® GROUP
Transforming Lifestyles



1 RK ₹ 16.50* Lacs onwards (All inclusive)
EMI ₹ 13,000/-*

PANVELKAR UTSAV
Valavli, Badlapur West

Contact for more details - 82681 57608

*Conditions apply

Sales Office: Opp. Z. P. Marathi School, Station Road, Gandhi Chowk, Badlapur (e).

www.panvelkar.in    MahaRera No. P51700013199




PANVELKAR GROUP
Transforming Lifestyles

Stay indoors.
Feel the space.

PANVELKAR CROWN
1, 2 BHK Apt. & Shops

1% DOWN PAYMENT

1 BHK ₹ 28.26* LACS
2 BHK ₹ 28.86* LACS
Shop ₹ 37* LACS

*Conditions apply

Contact for more details - 82681 57608

Site: Panvelkar Crown, B Cabin Road, Ambernath (East)
Sales Office: Nandi Commercial Complex, 1st Floor, Station Road, Ambernath (E).

www.panvelkar.in
Maharera no.: P51700000598

दिपावली है खुशियो का त्योहार
मिटाये सबके जीवन का अंधकार
एक दुसरे से बाँटे हम प्यार
बनके सहजीवन का आधार





स्वच्छ भारत की है पुकार
करो फटाको से इन्कार
मानव सेवा का करें अंगिकार
मन से मिटाए सब विकार

मनुष्य जन्म है एक मझधार
छोड दो उसमें अंधश्रध्दा-अंहकार
इस दिपावली पे करलो नेत्रदान का निर्धार
किसी दिव्यांग की ज्योती बनकर करो उसके सपने साकार